प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिये राज्य की 14 सीटों पर आज शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ सम्पन्न : 54 प्रतिशत हुआ मतदान।
2. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का प्रचार चरम पर : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजीपुर, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा प्रमुख मायावती ने गोरखपुर में जनसभा को किया संबोधित।
3. उत्तराखंड के चमोली स्थित गुरूद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिये खोले गये।

और

4. राज्य में अलग–अलग दुर्घटनाओं में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत, 14 घायल।

——————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में राज्य की 14 संसदीय सीटों सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर में आज मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। 14 लोकसभा सीटों सहित एक विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये

मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक जारी रहा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि राज्य की 14 सीटों पर औसत 54 प्रतिशत मतदान हुआ ह। सबसे ज्यादा 61 दशमलव पांच चार प्रतिशत मतदान अम्बेडकरनगर संसदीय क्षेत्र में हुआ, जबकि फूलपुर सीट पर सबसे कम मतदान 48 दशमलव नौ चार प्रतिशत हुआ है। वहीं बलरामपुर जिले की गैंसड़ी विधानसभा सीट के उपचुनाव में 51 दशमलव एक शून्य प्रतिशत मतदान हुआ है।

**जौनपुर** से जुड़ रहे है हमारे प्रतिनिधि राहुल यादव .......

प्रश्न– राहुल आज कसा मतदान रहा ?

आज के मतदान से कई प्रमुख उम्मीदवारों के राजनैतिक भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद हो गया है। इनमें पूर्व केन्द्रीय मेनका गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता धर्मेन्द्र यादव, डुमरियागंज से भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल और जौनपुर से महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह शामिल है।

पिछले संसदीय चुनाव में भाजपा ने इन 14 सीटों में से दस सीटों पर विजय हासिल की थी। सपा–बसपा गठबंधन ने चार सीटों पर विजय पताका लहराई थी।

**आजमगढ़** से हमारे साथ फोन लाइन पर है आकाशवाणी प्रतिनिधि नरेन्द्र प्रताप..........

प्रश्न– नरेन्द्र आजमगढ़ में आज हुई पोलिंग को कैसे देखते हैं आप ?

——————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का प्रचार अभियान चरम पर है। पार्टी के प्रमुख नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार जनसभाएं और रोड शो कर रहे हैं। इस क्रम में प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने आज गाजीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में देश में गरीबी बढ़ी, जबकि पिछले 10 सालों में केन्द्र की एनडीए सरकार की नीतियों से आम लोगों के जीवन में बदलाव आया है और 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। यह परिवर्तन तभी मुमकिन हो सका, जब मतदाताओं ने भाजपा में विश्वास जताया। श्री मोदी ने कहा कि 4 करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराये गये हैं। देश के सभी गांवों में बिजली और जलापूर्ति की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों के लिये वन रैंक–वन पेंशन व्यवस्था तभी लागू हो सकी, जब भाजपा सत्तासीन हुई।

उधर, मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने बलिया और चंदौली में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि लोगों के समर्थन से भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनायेगी।

श्री योगी ने केन्द्र और राज्य सरकार की विकासोन्मुखी और जनकल्याणकारी नीतियों और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए भाजपा को पुनः वोट देने आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल मजहब के आधार पर देश के बंटवारे की साजिश कर रही है, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जायेगा।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गोरखपुर में चुनावी जनसभा में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों को वोट देने का आह्वान किया। प्रियंका गांधी ने कहा कि केन्द्र की एनडीए सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है, जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार किसानों की हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन किसानों के कर्ज माफी पर बात तक नहीं करती।

इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि पूर्वांचल की अधिकतर सीटों के चुनावी माहौल से इस बात का संकेत मिल रहा है कि इस बार जीत इंडी गठबंधन की ही होगी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में उनके सभी वादे खोखले साबित हुए है।

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने भी आज गोरखपुर में अपने प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस आर भाजपा का

घोषणा पत्र सिर्फ एक औपचारिकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 10 वर्षों के दौरान गरीबों और आम लोगों के कल्याण के लिये जो वादे किये थे वह उन्हें पूरा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। समाजवादी पार्टी की नीतियों को निशाना बनाते हुए मायावती ने कहा कि वह आरक्षण को चुनाव में मुद्दा जरूर बना रही है, लेकिन सत्ता में रहते हुए अखिलेश यादव ने पदोन्नति में आरक्षण को खत्म किया है। उधर, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और सपा सांसद डिम्पल यादव ने वाराणसी में रोड–शो कर लोगों को गठबंधन प्रत्याशी के लिये वोट मांगे।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

—————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि चुनाव लोकतंत्र में एक बड़ा उत्सव है और भावी पीढ़ियों के मन में लोकतंत्र के मूल्यों को स्थापित करने का एक अवसर है। दूरदर्शन समाचार को दिए एक साक्षात्कार में श्री मोदी ने कहा कि सरकार या राजनीतिक दलों को अपने काम का हिसाब जनता को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे चुनाव को लोगों से मिलने का एक प्रकार का अभियान मानते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी भी तरह की आलोचना को बहुत गंभीरता से लेते हैं। बाइट........

*लोकतंत्र में चुनाव एक बहुत बड़ा उत्सव होता है। सबसे बड़ी विशेषता है कि जिसमें मतदाताओं को एजुकेट करने का महा स्केल पर मूवमेंट शुरू हो जाता है। दूसरा जो सरकार है या राजनीतिक दल है, वह जनता को अकाउंटेबल होनी चाहिए उन्होंने अपने काम का हिसाब देना चाहिए और चुनाव में उन्होंने जिस भी फोर्म में जाए,ये उनका काम है।*

——————————

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल, गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट आज सुबह पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये।

——————————

प्रदेश में अलग–अलग हादसों में छह लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गये। अयोध्या जिले के बीकापुर इलाके के शेरपुर पारा के करीब टैम्पों और ट्रैवलर बस की टक्कर में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 14

घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल और दर्शननगर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यह सभी श्रद्धालु कर्नाटक के रहने वाले हैं, जो काशी में दर्शन पूजन के बाद श्रीरामलला के दर्शन के लिये अयोध्या आ रहे थे।

उधर शाहजहांपुर जिले के परसनिया गांव में गर्रा नदी में तीन बच्चों की डूब कर मौत हो गई।

————————

अयोध्या के राम मंदिर परिसर में अब अति विशिष्ट लोग भी मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में कल हुयी राम मंदिर निर्माण की प्रगति सम्बन्धी समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया।

(समाप्त)